# कृषि विज्ञान केन्द्र, बीकानेर–II
## (प्रसार शिक्षा निदेशालय)
## स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

**डॉ. आर. के. शिवरान**

**(वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष)**


क्रमांकः एफ.(नीलामी) / केविके–लुन / लेखा / स्वाकेराकृवि / 2025 / 340 दिनांक : 12.05.2025

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की कृषि विज्ञान केन्द्र, बीकानेर–II **(लुनकरणसर) पर मूंगफली, गेंहू, जो, सरसों के चारे** की नीलामी दिनांक 20.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र, बीकानेर–II (लुनकरणसर) पर की जानी है। उक्त **फसलो के चारे** का अवलोकन किसी भी कार्यालय दिवस में किया जा सकता है। कार्य की अवधि नीलामी छूटने के बाद एक **सप्ताह** तक होगी।

**नीलामी के लिए नियम व शर्तें :–**

1. प्रत्येक बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने हेतु राशि–5000/–रूपये मात्र धरोहर राशि स्वरूप जो डी.डी. या नगद राशि के रूप में जमा करवाने है। जो अन्तिम निविदादाता को छोड़कर बाकी अन्य सभी की धरोहर राशि वापस लौटा दी जायेगी।
2. नीलामी में भाग लेने का अधिकार केवल धरोहर राशि जमा करवाने वाले व्यक्ति/ठेकेदार को ही होगा।
3. नीलामी छूटने के बाद नीलामी की सम्पूर्ण राशि उसी दिन जमा करवानी होगी तथा पूर्ण राशि जमा करवाने के उपरान्त ही कार्यादेश जारी किया जायेगा और **25 मई**, 2025 तक उपरोक्त **फसलो के चारे** को उठाना होगा।
4- **बोलीदाता दवारा चारे का अवलोकन कार्यालय समय में किसी भी दिन किया जा किया जा सकता हे एवं जैसी स्थिति में जहाँ हे जैसा हे सम्पूर्ण उठाना होगा**
5. संबंधित ठेकेदार को परिसर से उपरोक्त **फसलो के चारे** को बाहर ले जाने से पूर्व सम्बन्धित फार्म अधिकारी से गेट–पास लेना अनिवार्य होगा।
6. उपरोक्त कार्य करने का समय प्रातः 09:00 बजे से सायंकाल 05:00 बजे तक रहेगा एवं कार्यालय अवकाश के दिन उपरोक्त कार्य करना प्रतिबंधित रहेगा।
7. अन्तिम बोली को छोड़ने या नहीं छोड़ने का अधिकार नीलामी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
8. हर विवादित मामलों में अधोहस्ताक्षरकर्त्ता का निर्णय अन्तिम और सर्वमान्य होगा।
9. अधिकतम बोलीदाता के हक में बोली छोड़ने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा एवं उनका निर्णय अन्तिम होगा।
10. कृषि विज्ञान केन्द्र, बीकानेर–II (लुनकरणसर) द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जावेगी।
11. उपरोक्त कार्य करते समय किसी भी प्रकार से होने वाले नुकसान/जनहानी की जिम्मेवारी संबंधित ठेकेदार की होगी।
12. ठेकेदार को यह सुनिश्चित करना होगा कि उपरोक्त कार्य करने के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र सम्पत्ति को किसी प्रकार की हानि नहीं पहुंचे। यदि किसी प्रकार का नुकसान/हानि होती है, इसकी भरपाई संबंधित ठेकेदार को करनी होगी।
13. न्याय का क्षेत्र **लुनकरणसर** रहेगा।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan kendra
Lunkaransar, Bikaner II

प्रतिलिपि :–

1. नोटिस बोर्ड, प्रशासनिक कार्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र, बीकानेर–II
2. नोटिस बोर्ड, पंचायत **समिति लुनकरणसर**/कृषि उपज मण्डी, **लुनकरणसर**
3. श्रीमान् वित्त नियंत्रक, स्वाकेराकृवि, बीकानेर।
4. श्रीमान् निदेशक, प्रसार शिक्षा निदेशालय, स्वाकेराकृवि, बीकानेर।
5. श्रीमान् प्रभारी अधिकारी, सिमका, स्वाकेराकृवि, बीकानेर को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त नीलामी सूचना को विश्वविद्यालय की साईट में अपलोड करने का श्रम करावें।
6. सदस्य नीलामी कमेटी।
7. रक्षित पत्रावली।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan kendra
Lunkaransar, Bikaner II